आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- रेडियो कार्यक्रम मन की बात की एक सौ अट्‌ठाइसवीं कड़ी में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र और विश्व समुदाय से अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानीरिक्षकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के नए आयामों पर हुआ गहन विचार विमर्श।
- कार निकोबार में कार्निक महोत्सव का शानदार समापन। महोत्सव से स्थानीय प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर को मिली नई पहचान।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने प्रशासनिक कारणों से अंतर–द्वीपीय यात्राओं के समय सारणी में परिवर्तन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अटठाइसवीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में कहा कि रायपुर में आयोजित सम्मेलन के पहले दिन भारत की सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि यह मंच सुरक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रणाली और नवाचारों को साझा करने का उत्तम अवसर प्रदान करता है। तीन दिवसीय सम्मेलन नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान में शुक्रवार को आरंभ हुआ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख इस सम्मेलन में उपस्थित हैं। इस वर्ष सम्मेलन का विषय विकसत भारत सुरक्षा आयाम रखा गया है। विचार विमर्श का मुख्य केंद्र नागरिकों को नये युग की चुनौतियों से सुरक्षित रखने के लिये उन्नत सुरक्षा ढांचे विकसित करना है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषय जैसे वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद निरोध, आपदा प्रबंधन, महिलाओं की सुरक्षा, तथा पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा हो रही है। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रपति पुलिस पदक विशिष्ट सेवा के लिये भी प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने कल विशेष कर संग्रह अभियान का आयोजन खैतान कल्याण मंडपम में किया। इस अभियान के तहत बावन लाख पचपन हजार सात सौ इक्तीस रुपये का नगरपालिका कर वसूला गया। आगामी कर संग्रह कार्यक्रम 6 दिसम्बर को वार्ड 7 में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज ने कल अपने स्टाफ के लिए जेंडर संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आंतरिक शिकायत समिति के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य लिंग समानता, सुरक्षित कार्यस्थल की प्रथाओं, और यौन उत्पीड़न की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार ने भाग लिया और कार्यक्रम का संचालन वन स्टॉप सेंटर, द्वीप समूह की विशेषज्ञ, नीला बैद्य और शांति मुरुगेशन ने किया।

<><><><><><><>

कार निकोबार में चल रहे कर्निक महोत्सव 2025 का समापन धूमधाम से हुआ। इस तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, नृत्य प्रदर्शन और लोकगीतों ने उत्सव को और आकर्षक बनाया। महोत्सव में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शित स्टाल्स पर खूब भीड़ देखी गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत एक विशेष दिन लापरोस्कोपिक परिवार नियोजन सर्जरी सेवा 2 दिसंबर से रंगत के सी एच सी में शुरू होगी। यह शिविर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और संघ शासित क्षेत्र स्वास्थ्य मिशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

इस शिविर की देखरेख डॉ. एम.के. साहा और डॉ. नारायणन राजाराम करेंगे। रंगत और बिलीग्राउंड क्षेत्र के पात्र जोड़े उनसे अपील की गई है कि वे मेडिकल अधिकारी से संपर्क कर अपनी स्क्रीनिंग के लिए नामांकन करें। शिविर तब तक जारी रहेगा जब तक कि सभी पंजीकरण न हो जाएं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत लिटिल अंडमान के रवींद्र नगर ग्राम पंचायत हॉल में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए ब्लॉक स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साठ से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

मत्स्यपालको के लिए बोट इंजन दोष और समस्या निवारण पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन नानकौड़ी के सहायक आयुक्त आदित्य सांगोत्रा ने किया। प्रशिक्षण में मछुआरों को इंजन की समस्याओं का निदान और उचित देखभाल के तरीके सिखाए गए। 50 मछुआरों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और प्रमाणपत्र प्राप्त किए।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने प्रशासनिक कारणों से अंतर द्वीपीय यात्रा कार्यक्रम में कुछ संशोधन किए हैं। एम वी कालिघाट लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए अब 1 दिसम्बर को सुबह 7 बजे के स्थान पर रात्रि 9 बजे रवाना होगी।

एम वी नालंदा लिटिल अंडमान के लिए 2 दिसम्बर को रात्रि नौ बजे हैडो वार्फ से छूटेगा और इस जलयान की वापसी 3 दिसम्बर को रात्रि 9 बजे लिटिल अंडमान से होगी।

एम वी सिंधु की ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैम्पबल बे की यात्रा अब 2 दिसम्बर के बजाय चार दिसम्बर को सुबह 9 बजे श्री विजयपुरम से होगी। जलयान छह दिसम्बर को सुबह छह बजे इन्हीं मार्गों से होते हुए वापसी यात्रा करेगा।

एम वी कालिघाट लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार के लिए अब 3 दिसम्बर के स्थान पर चार दिसम्बर को सुबह सात बजे हैड्डो जेट्टी से छूटेगा और अगले दिन पांच तारीख को शाम चार बजे लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार से श्री विजयपुरम वापस आएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता में कक्षा छठीं से ग्यारहवीं तक के छात्रों ने अपने रचनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में सुदीप्तो दास को 'ऑटोमेटेड मिल्क स्पिलिंग स्टॉपर' के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। अन्य विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए।

<><><><><><><>

राज्य पुस्तकालय में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने परीक्षा संरचना, पाठ्यक्रम और तैयारी की रणनीतियों पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी तृप्ति कालहंस और एसडीपीओ फिरोज आलम ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम में चौबीसवें राज्य स्कूल खेलों और विशेष आवश्कता वाले बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता अभी चल रही है। विभिन्न खेलों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, और इसमें कई नए प्रतिभाएं सामने आई। विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए गए।

<><><><><><><>

एक निजी विद्यालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' थीम पर विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जय सुंदर, आई सी ए आर–सी आई ए आर आई, और विशिष्ट अतिथि  मंगई करसी, वार्ड 10 की पार्षद ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा प्रदर्शित मॉडल्स और कलाकृतियों ने आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चतपकम को बढ़ावा दिया।

<><><><><><><>